भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2240

04 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

रक्षा बलों के लिए भर्ती कैंप

2240. श्री राजकुमार चाहरः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) फतेहपुर सीकरी तथा समीपवर्ती शहरों से अभ्यर्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए खेल स्टेडियम आगरा में रक्षा बलों के लिए लगाए गए पिछले भर्ती कैंप/रैली का ब्यौरा क्या है;

(ख) अंतिम दौर में फतेहपुर से कितने अभ्यर्थियों का चयन किया गया; और

(ग) रक्षा बलों में सैनिकों की कमी को ध्यान में रखते हुए अगला कैंप/रैली कब तक लगाए जाने की योजना है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) जी, नहीं। पिछले पांच वर्षों में आगरा के खेल स्टेडियम में सेना द्वारा कोई भी रैली आयोजित नहीं की गई है। तथापि, वर्ष 2015 में आगरा के एकलव्य स्टेडियम में, एक रैली आयोजित की गई थी। फतेहपुर सीकरी के अभ्यर्थियों के लिए अंतिम रैली 15 से 27 नवंबर, 2018 के बीच मथुरा के ईगल ग्राउंड में आयोजित की गई थी।

(ख) फतेहपुर सीकरी के लिए अलग से कोई आंकड़ा नहीं रखा गया है। तथापि, फतेहपुर सीकरी सहित किरौली तहसील से 81 उम्मीदवारों का चयन किया गया था।

(ग) सेना भर्ती कार्यालय आगरा की अगली रैली मार्च, 2020 में मथुरा में कराये जाने की योजना है।

*****